केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2019/296 दिनांक: 29.11.2019
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2019/00197
CICOM/R/2019/00733

अपीलकर्ता : श्री चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव,
कार्यकारी सचिव,
एस.पी.सी.ए. दवरिया,
कैम्प कार्यालय - रामनाथ देवरिया,
पो0 व जनपद - देवरिया - 274001.

निर्णय की तारीख: 29.11.2019

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 25.09.2019 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 30.10.2019 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री ए. के. असीजा |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 25.10.2019 |
| प्रथम अपील की डायरी सं. | 18859/05.11.2019 |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 25.09.2019 को केन्द्रीय सूचना आयोग में आर.टी.आई. आवेदन प्रेषित की गई थी। अपीलकर्ता ने प्रथम अपील आवेदन में उल्लेख किया है कि उन्हें अभी तक वांछित सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

2. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन, आर.टी.आई. आवेदन एवं प्रदान की गई सूचना) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के दिनांक 30.09.2019 के उक्त आर.टी.आई. आवेदन के संदर्भ में दिनांक 30.10.2019 को केन्द्रीय सूचना आयोग के केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी श्री ए. के. असीजा द्वारा सूचना प्रेषित की गई जबकि दिनांक 25.10.2019 को ही प्रथम अपील दाखिल कर दी गई है। केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी श्री ए. के. असीजा द्वारा प्रेषित की गई सूचनाएं सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत बिल्कुल तथ्यानुसार एवं स्पष्ट हैं तथा इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है। अपीलकर्ता के सुलभ संदर्भ हेतु श्री ए. के. असीजा द्वारा सूचना प्रेषित की गई सूचना की प्रति इस आदेश के साथ संलग्न है।

3. तद्नुसार प्रथम अपील निस्तारित की जाती है।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 में की जा सकती है।

C.I.C./के० सू० आ०
RECEIVED
29 NOV 2019
D. No.......
Initials.......

शान्ति प्रिय बेक
(शान्ति प्रिय बेक)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष - 011-26162290

प्रतिलिपि :

1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली।
2. Sh. A. K. Asija, CPIO & DO to IC (VN), CIC, New Delhi.

C.I.C./के० सू० आ०

केन्द्रीय सूचना आयोग
सी आई सी, भवन, बाबा गंगनाथ मार्ग,
मुनिरका, नई दिल्ली- **1100671**

संख्या- CICOM/R/2019/00733

दिनांक: 30.10.2019

सेवा में

श्री चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव,
कार्यकारी सचिव, एस.पी.सी.ए. देवरिया
कैंप कार्यालय, रामनाथ देवरिया,
पोस्ट और जनपद- देवरिया,
यू.पी. – 274001

विषय - सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत-

महोदय,

कृपया अपने उपरोक्त आर टी आई दिनांक 25.09.2019 का अवलोकन करे जो कि आईसी (वीएन) की रजिस्ट्री में दिनांक 04.10.2019 को प्राप्त हुआ है।

II. आपको निम्नलिखित जानकारी प्रदान की जाती है-

1. ऐसी कोई भी जानकारी रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है।

2. मांगी गई जानकारी स्पष्टीकरण की प्रकृति में है और आरटीआई अधिनियम के 2 (f) के तहत नहीं आता है।

3. मांगी गई जानकारी प्रकृति में काल्पनिक है इसलिए यह आरटीआई अधिनियम के 2 (f) में नहीं आता है।

III. यदि आप इस उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप निम्न पते पर प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (FAA), सीआईसी के समक्ष प्रथम अपील दायर कर सकते हैं:

श्री पीयूष अग्रवाल,
रजिस्ट्रार और प्रथम अपीलीय प्राधिकारी
CIC, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067
ईमेल-आईडी: registrar-cic@nic.in

Central Information Commission
केंद्रीय सूचना आयोग

( ए.के. असीजा)
डिप्टी रजिस्ट्रार आईसी (वीएन)

प्रतिलिपि: [illegible]